

# सीवर पंपिंग स्टेशन में बाधक बने 2 मकान जमींदोज

## भुजवा मोहल्ला के निकट नाले से लगी शासकीय भूमि पर चला बुलडोजर

नवभारत न्यूज

**सतना, 25 फरवरी. प्रस्तावित सीवर लाइन के पंपिंग स्टेशन के निर्माण में बाधक बन रहे दो मकानों को नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते द्वारा जमींदोज कर दिया गया. अतिक्रमण के विरुद्ध यह कार्रवाई बुधवार को भुजवा मोहल्ले के निकट नाले से सटे क्षेत्र में की गई. इस कार्रवाई के चलते क्षेत्र के अन्य अतिक्रमणकारियों के बीच दहशत पनपने लगी.**

अतिक्रमण दस्ता प्रभारी नगर निगम ए पी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुरानी कंकरराम टाकीज के निकट नाले से सटे क्षेत्र में स्थित शासकीय जमीन को सीवर पंपिंग स्टेशन के लिए पहले से प्रस्तावित किया जा चुका है. लेकिन काली मंदिर के निकट दो लोगों द्वारा अवैध कब्जा करते हुए अपने मकान बना लिए गए थे. जिसे देखते हुए दोनों अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध नगर निगम द्वारा नोटिस जारी की गई थी. नोटिस जारी कर समय दिए जाने के बावजूद भी



अतिक्रमणकारियों द्वारा न तो नोटिस का जवाब दिया गया और न ही अपना अतिक्रमण हटाया गया. जिसके चलते उन्हें स्वेच्छा से अपना अतिक्रमण हटाने का विकल्प भी दिया गया. लेकिन इसके बावजूद भी जब बात नहीं बनी तो ननि के अतिक्रमण दस्ते को कार्रवाई करनी पड़ी.

बुधवार की दोपहर लगभग 12 बजे अतिक्रमण दस्ता बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंच गया. इस दौरान वहां पर अतिक्रमण के तौर पर मौजूद देवेंद्र सिंह पिता सूर्यपाल सिंह और रविंद्र श्रीवास्तव पिता रेखनलाल को अपना-अपना मकान खाली करने के लिए कहा गया. इसी दौरान ननि के अमिक्रमण दस्ते ने क्षेत्र को खाली कराते हुए सुरक्षा घेरे में ले लिया. कुछ समय देने के बाद विद्युत कनेक्शन काटते हुए ननि के बुलडोजर ने काम करना शुरु कर दिया. जेसीबी मशीन की मदद से कड़ी मशक्कत करते हुए दोनों मकानों को जमींदोज कर दिया गया. दोनों मकान को जमींदोज करते हुए शासकीय भूमि को खाली करा लिया गया. इस कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण प्रभारी ननि के साथ सहायक अतिक्रमण अधिकारी सज्जन सिंह, निरीक्षक लक्ष्मी तिवारी, योगेंद्र शुक्ला और बालेंद्र गौतम सहित अन्य स्टॉफ मौजूद रहा.



# घायल अवस्था में मिला मृग शावक

## ग्रामीणों ने रेस्क्यू कर वन विभाग को सौंपा

नवभारत न्यूज

**सतना, 25 फरवरी. जिले के रैगांव क्षेत्र के करसरा गांव में बुधवार सुबह करीब 9 बजे सड़क किनारे एक मृग शावक घायल अवस्था में मिला. ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना वन विभाग को दी। हिरण के बच्चे को इतनी नजदीक से देखने के लिए ग्रामीणों और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई, जिससे मौके पर कौतूहल का माहौल बन गया।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव के कुछ लोगों ने सड़क किनारे हलचल देखकर पास जाकर देखा तो हिरण का बच्चा घायल हालत में तड़प रहा था। बताया गया कि आवारा कुत्ते उस पर हमला करने की कोशिश कर रहे थे। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए कुत्तों को भगाया और हिरण के बच्चे की जान बचाई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हिरण के पैर और कान में चोट के निशान हैं। आशंका जताई जा रही है कि वह किसी वाहन की चपेट में आया होगा या कुत्तों के हमले में घायल हुआ है। वन विभाग को सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और घायल हिरण के बच्चे को अपने कब्जे में ले लिया। उसे प्राथमिक उपचार दिया जा रहा है। वन विभाग की टीम अब यह पता लगाने में जुटी है कि हिरण का बच्चा गांव तक कैसे पहुंचा और उसे चोटें कैसे आईं।

# घर से हो रही थी गांजा-नशीली दवा की सप्लाई

## दंपति गिरफ्तार, 69 हजार की नशे की खेप बरामद

नवभारत न्यूज

**सतना 25 फरवरी. मैहर में पौने 5 लाख रु का गांजा और नशीली दवा की खेप पकड़े जाने की जांच अभी चल ही रही थी कि अगले ही दिन इसी तरह का एक और मामला सामने आ गया. घर में नशे की खेप को छिपाकर रखने के बाद उसकी सप्लाई करने के आरोप में दंपत्ति को गिरफ्तार कर लिया गया. पुलिस की छापेमार कार्रवाई में 69 हजार रु का गांजा और नशे में इस्तेमाल होने वाली कफ सीरप की खेप बरामद की गई है.**

मैहर जिले के रामनगर थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को इस बात की सूचना मिली थी कि अमिलिया गांव के निवासी शंभू पटेल उम्र 34 वर्ष के घर में गांजा और नशीली कफ सीरप की खेप पहुंची हुई है. इतना ही नहीं बल्कि घर में नशे की खेप को छिपाकर रखने के साथ ही शंभू की पत्नी श्रीमती तुलसा पटेल उम्र 30 वर्ष द्वारा उसकी ब्रिकी भी की जा रही है. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरु की. घर के अंदर पहुंचकर तलाशी लिए जाने पर पुलिस टीम को एक काले रंग की बोरी रखी नजर आई. जिसे खोलकर देखने पर उसमें गांजा और नशीली कफ सीरप रखी



मिली. बोरी ममें कुल 4 किलो 370 ग्राम गांजा छिपाकर रखा गया था. जिसकी कीमत 45 हजार रु आंकी गई. इसके साथ ही बोरी में नशीली कफ सीरप की 120 शशियां मिली. जिसका बाजार मूल्य 24 हजार 120 रु बताया गया. पुलिस द्वारा नशे की खेप को जब्त करने के साथ ही मौके से श्रीमती तुलसा पटेल को गिरफ्तार कर लिया गया. कार्रवाई पूरी कर लौट रही पुलिस टीम को घर के निकट ही शंभू भी नजर आ गया. हलांकि पुलिस को देखकर उसने भागने का प्रयास किया. लेकिन कुछ देर में ही पुलिस ने पीछा कर उसे दबोच लिया. दंपति के विरुद्ध धारा 8,20 बी, 21 22 एनडीपीएस एक्ट और 5/13 ड्रग कंट्रोल एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई.

### सोर्स की अनदेखी...

पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत द्वारा नशे के विरुद्ध ऑपरेशन प्रहार अभियान छेड़ा गया है. आईजी द्वारा मातहत अमले को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि विंध्य में नशे के काले कारोबार को समाप्त करने के लिए आवश्यक है कि पुलिस सोर्स तक भी पहुंचे. लेकिन पुलिस द्वारा अब तक नशे के विरुद्ध जितनी भी कार्रवाई की गई है वह नशीले पदार्थों की जब्ती और आरोपियों की गिरफ्तारी से आगे बढ़ती नजर नहीं आ रही है. जिसके चलते लगातार हो रही कार्रवाई के बावजूद भी नशे का नेटवर्क ध्वस्त होता दिखाई नहीं दे रहा है.


# आटो में सवार व्यक्ति की जेबी कटी

▸ थाने पहुंची शिकायत

नवभारत न्यूज

**सतना 25 फरवरी. बेटे के विवाह के लिए पैसा निकालकर आटो में सवार व्यक्ति की जेब कट गई. पीड़ित द्वारा थाने में शिकायत कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई गई है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार बेटे के विवाह में रुपयों की आवश्यकता को देखते हुए व्यक्ति बैंक पहुंचा. जहां पर उसने 40 हजार रु की निकासी की. इन रुपयों को अंदर की जेब में पूरी तरह



सुरक्षित रखने के बाद उन्होंने आटो पकड़ लिया.

आटो के जरिए जैसे ही वे सेमरिया चौक के निकट पहुंचे तो उन्हें अपनी जेब कटने का एहसास हुआ. ध्यान से देखने पर मालुम हुआ कि किसी बदमाश ने चीरा लगार उनकी जेब काट ली और उसमें रखे 40 हजार रु पार कर दिए. जिसे देखते हुए पीड़ित बिना देरी किए कोलगवां थाने पहुंच गए और मामले की शिकायत की. पुलिस द्वारा जांच कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है.

# नियम विरुद्ध शोर शराबे पर 60 हजार का जुर्माना

## चित्रकूट न्यायालय ने दिया निर्णय

नवभारत न्यूज

**सतना, 25 फरवरी. कोलाहल अधिनियम के उल्लंघन पर चित्रकूट न्यायालय द्वारा फैसला सुनाते हुए दो प्रकरणों में 60 हजार का अर्थदंड अधिरोपित किया गया।**

चित्रकूट में शोर-शराबे और ध्वनि प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए पुलिस की कार्यवाही के बाद अब न्यायालय ने भी सख्त रुख अपनाया है। चित्रकूट पुलिस द्वारा कोलाहल अधिनियम के तहत दर्ज किए गए दो अलग-अलग मामलों में न्यायालय द्वारा कुल 60 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। इसमें पहला प्रकरण लालापुर क्षेत्र का है, जहाँ बीते दिनों देर रात तेज आवाज में डीजे बजाया जा रहा था। वहीं, दूसरा मामला एक मोडिफाई जीप में देर रात तेज आवाज में डीजे बजाने से जु?ा था। इन दोनों मामलों में नियमों की अनदेखी करने पर न्यायालय ने दोषियों पर आर्थिक दंड लगाकर क?ा संदेश दिया है।

# शादी का झांसा देकर करता रहा दुष्कर्म

## शिकायत पर सलाखों के पीछे पहुंचा आरोपी

नवभारत न्यूज

**सतना 25 फरवरी. पहले फोन के जरिए बातचीत कर जान-पहचान बढ़ाई और फिर उसके बाद शादी का झांसा देते हुए दुष्कर्म करने लगा. लेकिन शादी की बात सामने आते ही किनारा कर लिया. इस मामले में शिकायत मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोचते हुए सलाखों के पीछे पहुंचा दिया.**

जिले के नागौद थाने से मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता द्वारा थाने पहुंचकर शिकायत की गई. जिसके अनुसार वीरपुर गांव का निवासी सत्यम



सिंह पटेल पिता ओम प्रकाश उम्र 21 वर्ष उससे फोन पर बातचीत करता था. लगभग 7 महीने पहले जब पीड़िता पानी भरने के लिए खेत की ओर जा रही थी. उसी दौरान सत्यम ने उसे रास्ते में रोक लिया और शादी करने की इच्छा जाहिर की. जिसके बाद झांसे में लेते हुए उसने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे दिया. इसके बाद आगे भी सत्यम द्वारा घटना को अंजाम दिया जाता रहा. लेकिन जैसे ही शादी की बात सामने आई वैसे ही सत्यम ने किनारा कर लिया. स्वयं को छला हुआ महसूस करती हुई पीड़िता ने अपने परिजनों को घटना के बारे में बताया. जिसके चलते मामले की शिकायत थाने पहुंच गई. जिसके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया.

# जिला अधिवक्ता संघ के द्विवार्षिक चुनाव की तैयारी शुरू

नवभारत न्यूज

**सतना, 25 फरवरी. जिला अधिवक्ता संघ, सतना की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें संघ के संविधान की धारा 10( 1 )( 2 ) के अंतर्गत आगामी द्विवार्षिक निर्वाचन 2026-2028 संपन्न कराए जाने संबंधी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।**

बैठक में सर्वसम्मति से रमेश मिश्रा शासकीय अभिभाषक/लोक अभियोजक (जीपी) जिला सतना/मैहर को मुख्य निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है साथ ही श्रवण पाठक कार्यालय सचिव को अतिरिक्त निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। निर्वाचन प्रक्रिया माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय के मार्गदर्शन में संपन्न कराई जाएगी।



संघ के अध्यक्ष बद्रीविशाल पाठक एवं सचिव शैलेश पांडेय ने सदस्यों को सूचित किया है कि बार-बार सूचना दिए जाने के बावजूद कुछ अधिवक्ताओं द्वारा सदस्यता शुल्क जमा न किए जाने के कारण मतदाता सूची तैयार नहीं हो सकी है। सदस्यता शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 28.फरवरी. निर्धारित की गई है। शुल्क जमा होने के उपरांत प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 16 जनवरी के पालन में राज्य अधिवक्ता परिषद, जबलपुर से प्राप्त निर्देशानुसार संघ के निर्वाचित पदों में 30 प्रतिशत आरक्षण के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त किया जा रहा है। आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त होने के पश्चात निर्वाचन अधिकारी निर्वाचन कार्यक्रम की विधिवत घोषणा कर सकेंगे।

उक्त द्विवार्षिक निर्वाचन में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष, ग्रंथपाल एवं कार्यकारिणी सदस्य के पदों हेतु निर्वाचन संपन्न कराया जाएगा उन्होंने सभी अधिवक्ता साथियों से अनुरोध है कि वे निर्धारित समय-सीमा में सदस्यता शुल्क जमा कर निर्वाचन प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें।

# सोगरिया-दानापुर-सोगरिया होली स्पेशल ट्रेन का संचालन

नवभारत न्यूज

**सतना, 25 फ़रवरी। रेल प्रशासन द्वारा आगामी होली त्यौहार में अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर हुए यात्रियों को सुगम, संरक्षित एवं आरामदायक यात्रा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय रेलवे पर देश के सभी महत्वपूर्ण स्थानों के लिए बड़ी संख्या में होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है।**

इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल से गाड़ी संख्या 09803/09804 सोगरिया-दानापुर-सोगरिया के मध्य 01-01 ट्रिप के लिए होली स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। इस गाड़ी का ठहराव बारां, सालपुरा, छबड़ा गुगोर, रुठियाई, गुना, अशोक नगर, सागर, दमोह, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर रहेगा। गाड़ी संख्या 09803 सोगरिया से दानापुर होलीस्पेशल ट्रेन का संचालन दिनांक 01.03.2026 को सोगरिया (कोटा) स्टेशन से रात्रि 23.10 बजे प्रस्थान कर बारां 23.53 बजे, पहुँचकर अगले दिन सालपुरा मध्यरात्रि 00.28 बजे, छबड़ा गुगोर 00.48 बजे, रुठियाई 01.50 बजे, गुना 02.20 बजे, अशोक नगर 03.05 बजे, सागर 05.35 बजे, दमोह 06.45 बजे, कटनी 08.00 बजे, मैहर 09.40 बजे, सतना 11.00 बजे पहुँचेगी.

### एक नजर में



#### बदखर तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन

**सतना।** नगर के वार्ड क्रमांक 12, बदखर में 72.84 लाख रुपये की लागत से प्रस्तावित तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का विधिवत भूमि पूजन महापौर योगेश कुमार ताम्रकार द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने की प्रतिबद्धता दोहराई गई। महापौर ने कहा कि यह परियोजना न केवल क्षेत्र की सुंदरता बढ़ाएगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण को भी मजबूती प्रदान करेगी। तालाब को एक स्वच्छ, सुरक्षित एवं आकर्षक सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे स्थानीय नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने बताया कि नगर के प्रत्येक वार्ड में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार कर विकास की रोशनी अंतिम पंक्ति तक पहुंचाना नगर निगम का लक्ष्य है।

#### श्रीमद्भागवत संगीतमय कथा का हुआ समापन

**सतना।** शहर के भरहुत नगर स्थित निवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत संगीत



मय कथा का श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में सफलतापूर्वक समापन हुआ। कथा के दौरान प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु, धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग तथा विभिन्न वर्गों के श्रोता उपस्थित रहे।*कथा आयोजन की प्रमुख डॉ. स्वप्ना वर्मा* ने समापन अवसर पर उपस्थित सभी श्रोताओं, धर्मप्रेमियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं समाजसेवियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण हेतु हर वर्ग के लोगों में जो उत्साह और श्रद्धा देखने को मिली, वह अत्यंत प्रेरणादायक है। डॉ. वर्मा ने कहा कि कथा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज में सद्भाव, समरसता और संस्कारों के प्रसार का माध्यम है। आप सभी के आगमन और सहभागिता से यह आयोजन और भी दिव्य एवं सफल बना।



#### महा चौपाल में शामिल हुआ कांग्रेस सेवादल

**सतना.** कॉग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष बरमेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार ने किसानो के हितों को गिरवी रखते हुए अमेरिका के सामने घुटने टेक कर ट्रेड डील की है जिससे किसानों की खेती हमेशा हमेशा के लिए बर्बाद हो जायेगी। इस महा पंचायत मे किसानो को न्याय दिलाने के लिए कॉग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव के नेत्रत्व मे सेवादल के स्वयं सेवकों ने भी भाग लिया सतना से जय कुमार शर्मा, रामपाल कुशवाहा, अमृत लाल यादव, पवन सिंह सोनू, केशव केवट, सिम्पू कुशवाहा, केसरी लोधी, डा. डी पी प्रजापति, डा. आर. पी दाहिया, दिनेश बंसल, दमोदर डोहर, रामाश्रय साकेत प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# भारत-उज्बेकिस्तान संसदीय मैत्री समूह के ग्रुप लीडर होंगे सतना सांसद

नवभारत न्यूज

**सतना, 25 फरवरी. लोकसभा सतना के सांसद गणेश सिंह को एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के तहत और लोकसभा स्पीकर ओम बिरला द्वारा गठित संसदीय मैत्री समूहों में उन्हें भारत-उज्बेकिस्तान संसदीय मैत्री समूह का ग्रुप लीडर बनाया गया है। यह नियुक्ति ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भारत की वैश्विक कूटनीति को मजबूत करने के प्रयासों का हिस्सा है। ऑपरेशन सिंदूर, जो अप्रैल 2025 में आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना



द्वारा चलाया गया एक सैन्य अभियान था। भारत की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति को दुनिया के सामने रखा। इस अभियान की सफलता के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व के विभिन्न देशों के साथ संसदीय मैत्री समूहों के गठन का मार्ग प्रशस्त किया। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने 60 से अधिक देशों के साथ ऐसे समूहों का गठन किया है, जो लोकतांत्रिक कूटनीति को बढ़ावा देंगे।

### ऑपरेशन सिंदूर पर होगी चर्चा

संसद सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही उज्बेकिस्तान का दौरा करेगा, जहां गणेश सिंह भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस दौरे के दौरान ऑपरेशन सिंदूर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें भारत ने कैसे इस ब? अभियान को अंजाम दिया और भारतीय सेना ने कैसे अपना शौर्य प्रदर्शित किया इसका विस्तृत बखान किया जाएगा। गणेश सिंह द्वारा भारत की ओर से यह पक्ष रखा जाएगा कि भारतीय सेना विश्व में अपनी अलग पहचान कैसे रखती है और इसका शौर्य दुनिया भर में क्यों गूंजता है। यह कार्यक्रम दोनों देशों की मित्रता को मजबूत करने और व्यापक बेहतर संबंधों को ब?ावा देने पर केंद्रित होगा। भारत की वैश्विक भूमिका को करेंगे सशक्त सतना से पांचवीं बार लोकसभा सांसद चुने गए गणेश सिंह संसदीय समिति ऑन वेलफेयर ऑफ ओबीसी के चेयरमैन भी हैं।

### सफाई कर्मचारियों को शीघ्र ही एक साथ 2 माह की वेतन मिलेगी

**सतना, 25 फरवरी.** अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राजू भारती के नेतृत्व में निगमायुक्त से प्रतिनिधि मण्डल ने भेंट कर मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दिसंबर माह 2025 का वेतन नियमित सफाई मित्रों का वेतन का भुगतान नहीं होने, समयमान वेतनमान एवं वर्दी वितरण ना होने का मामला उठाया गया। चर्चा के उपरांत निगमायुक्त ने दो दिवस के अंदर दिसम्बर 2025 एवं जनवरी 2026 दो माह का भुगतान एक साथ करने का आश्वासन दिया।

# अविलंब सुधारी जाएं शहर की सड़के : चेंबर

नवभारत न्यूज

**सतना, 25 फरवरी. शहर की अधिकांश मुख्य सड़कों की हालत बहुत ही दयनीय हालत में है.**

नगर निगम एवं स्मार्ट सिटी के अड़यिल रवैया की वजह से आम जनता एवं व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है व्यापार ठप्प होता जा रहा है खराब सड़कों की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं ऑटो रिक्शा पलट जाते हैं लोगों के हाथ पैर टूट रहे हैं टूटी हुई सड़कों से धूल उड़ती है लोग सांस की



बीमारी से जूझ रहे हैं विंध्य चेंबर के अध्यक्ष सतीश सुखेजा कनिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक अग्रवाल मंत्री हरिओम गुप्ता ने सतना कलेक्टर से मिलकर शहर की सड़कों की समस्याओं के बारे में अवगत कराया एक दिन पहले चेंबर के पदाधिकारी सांसद गणेश सिंह से भी मिलकर शहर की समस्याओं के बारे में विस्तार से बताया था पन्नीलाल चौक से सिटी कोतवाली तक संचालित सीवर लाइन निर्माण कार्य बहुत ही कछुआ चाल से चल रहा है जिससे आम जनता एवं व्यापारी परेशान हो रहे है गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध तरीके से कार्य नहीं हो पा रहे है मार्च में ही भगवान झूलेलाल जी की जयंती है और 27 मार्च को भगवान श्री राम की शोभायात्रा इसी मार्ग से निकालनी है

# भक्ति के बिना मानव पशु समान : बदरी प्रपन्नाचार्य

नवभारत न्यूज

**सतना, 25 फरवरी. ओमकार होटल में अग्रवाल परिवार द्वारा आयोजितश्री मद भागवत कथा स्वामी बदरी प्रपन्नाचार्य महाराज आचारी आश्रम चित्रकूट के श्रीमुख से चल रही है।**

कथा के यजमान जय प्रकाश अग्रवाल, माया अग्रवाल, जीवन लाल अग्रवाल , रामचंद्र अग्रवाल, अनीता अग्रवाल हैं ।आज की कथा में डालीबाबा के महंत पीयूष दास महाराज का आगमन हुआ। कथा में स्वामी जी ने प्रहलाद का मार्मिक प्रसंग सुनाया है उन्होंने कहा कि प्रहलाद की भक्ति हमे



सिखाती है कि इस संसार में आकर मानव देह पा कर यदि आप ने भक्ति ना की भगवान का भजन ना किया तो आप का मानव देह पाना बेकार है आप पशु के समान है और यदि भगवान की भक्ति कर रहे है तो संसार का कितना भी बड़ा कष्ट आए लेकिन भगवान की भक्ति भगवान का भजन बंद नहीं करना चाहिए अर्थात् प्रहलाद जी की भक्ति दृढ़ता और विश्वास का अधभुत प्रमाण है उसी का अनुसरण करना चाहिए । कथा के आयोजक विष्णु अग्रवाल गोलू एवं श्री गौ सेवा मेडिकल संस्थान के आशीष अग्रवाल द्वारा दिनांक 26 फरवरी को श्री कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर शहर के सभी लोगों से पहुंचने की अपील की है. आज की कथा में उपस्थित पूजा अग्रवाल शशि अग्रवाल ,सीताराम अग्रवाल रामू भैया, प्रसेनजीत सिंह तोमर विक्की , संजय बड़ेरिया ,संजय गुप्ता, कैलाश केसरवानी, नीरज शुक्ला, अजय दहिया, कामता बर्मन गोपी अग्रवाल ,मनीष अग्रवाल ,विष्णु नेमा ,संदीप चमड़िया ,विनोद अग्रवाल, विकास अग्रवाल ,मुकेश गुप्ता ,रामेश्वर प्रसाद अग्रवाल, दीपक अग्रवाल ,ब्रजेश कुशवाहा और भारी संख्या में महिला एवं पुरुष मौजूद रहे.